## एक नजर

### सड़क धंसने से जगह–जगह हो गए गड्ढे, हादसों का डर

कोटद्वार। भाबर के रामदयालपुरझसिगड्डी ग्रोथ सेंटर मुख्य मोटर मार्ग पर जगह–जगह सड़क धंसने के कारण गड्ढे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने लोनिवि से गड्ढों की मरम्मत कर समस्या का निवारण करने की मांग की है। भाबर क्षेत्र के निवासी उद्यमी सुरेश ठाकुर, सुनील गुप्ता, साहिल, स्थानीय निवासी सुमन केष्टवाल, सुनील राणा, उमेश कुकसाल, जयप्रकाश कोटनाला, कविता डबराल, पंकज कपटियाल का कहना है कि रामदयालपुर से सिगड्डी ग्रोथ सेंटर के बीच मुख्य मोटर मार्ग पर सड़क धंसने से बड़े–बड़े गड्ढे हो चुके हैं। मार्ग पर सिगड्डी ग्रोथ सेंटर स्थित कंपनियां होने के कारण सैकड़ों कर्मचारियों और श्रमिकों का आवागमन लगातार बना रहता है। गड्ढों की चपेट में आकर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अचानक सड़क धंसने से होने वाले गड्ढों के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलटने का खतरा बना है। स्थानीय लोगों ने लोनिवि से गड्ढों की मरम्मत कर समस्या के निवारण की मांग की है।

### गौचर के सागर बने एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट

चमोली। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल (एसएससी–सीजीएल) परीक्षा पास कर सागर सिंह नेगी (22) का चयन जीएसटी विभाग में एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट पद पर हुआ है। मूल रूप से पोखरी ब्लॉक के क्वींठी गांव निवासी सागर नेगी वर्तमान में राजस्थान के अलवर जिले में आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात हैं। एसएससी परीक्षा से सैन्य बलों में सम्मानित पदों पर काबिज होना उनका जुनून रहा है। इससे पहले वह एसएससी के माध्यम से सीआरपीएफ में छह माह तक सब इंस्पेक्टर रहे। फिर एसएसटी परीक्षा पास कर आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर बने। सागर की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय गौचर से हुई। उन्होंने गढ़वाल विवि से बीएससी स्नातक किया। उनके पिता पान सिंह नेगी आईटीबीपी से वर्ष 2019 में सेवानिवृत्त हैं जबकि सागर की माता इंदु नेगी गृहणी हैं। उनका परिवार नगर में निवासरत है। उनके चयन पर विधायक अनिल नौटियाल, पालिका अध्यक्ष संदीप नेगी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, जनकल्याण लोक सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील पंवार, ग्राम प्रधान क्वींठी मुकेश रावत, वार्ड सभासद चैतन्य बिष्ट, हरीश मिश्रा आदि ने उन्हें बधाई दी।

### बिजली, पानी के लिए तेजी से किया जा रहा काम

चमोली। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने में चंद दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रशासन धाम में यात्रा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुट गया है। धाम में सभी कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है। चारधाम यात्रा के दौरान बदरीनाथ में विद्युत व्यवस्था, पेयजल लाइन व रास्तों के सुधारीकरण का कार्य चल रहा है। साकेत चौराह से मंदिर तक जाने वाले पैदल मार्ग को ठीक करने का काम तेजी से किया जा रहा है। मास्टर प्लान के कार्यों के चलते पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे। इन दिनों यहां यात्रा व्यवस्था से जुड़े कार्यों पर मशीन, मजदूर व कर्मी लगातार काम कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि धाम में यात्रा व्यवस्था से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। साकेत चौराह से मंदिर वाले मार्ग को दो–चार दिन में ठीक कर दिया जाएगा। कपाट खुलने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दी जाएंगी।

### पौणा नृत्य के साथ बैसाखी मेला शुरू, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

चमोली। पौणा नृत्य व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नंदप्रयाग में दो दिवसीय पौराणिक एवं सांस्कृतिक बैसाखी मेला शुरू हो गया है। मेले में विभिन्न गांवों की महिला मंगल दल और स्कूली छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। नंदप्रयाग के खेल मैदान में जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट और नगर पंचायत अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रौतेला ने संयुक्त रुप से मेले का शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मेले संस्कृति के द्योतक होते हैं। मेला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रौतेला ने कहा कि 2016 के बाद से किन्हीं कारणों से मेले का आयोजन नहीं हो पाया। दस साल बाद फिर से मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले को भव्य रुप दिया जा रहा है। मेले में महिला मंगल दल नंदप्रयाग, भेरणी, सोनला की महिलाओं ने गंगा जी को देशा, मेरु गढ़देश हो.., कख हरची होला रीति–रिवाज पुराना.., कन प्यारा लगदा गौं घर, कनु स्वाणु दिखेंद हिंवाल, कन भली हमारी बोली–भाषा, कन भलु कुमौं–गढ़वाल.., जय नंदा, यु मासी को फूल.., कांधी मां धरेली राधा, खेरी की गिंजाली राधा.., सावन विराजा मेरा पहाड़ मां..आदि गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में जागर गायिका पम्मी नवल ने अपने गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर मेलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी शिखर सिंह, मेले के कोषाध्यक्ष डॉ. सौरभ वैष्णव, राइंका के प्रधानाचार्य हरेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने यात्रा मार्ग पर लगाए साइन बोर्ड

चमोली। पुलिस प्रशासन भी चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। बदरीनाथ हाईवे किनारे जगह–जगह साइन व चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं। सोमवार को ज्योतिर्मठ और गोविंदघाट क्षेत्र में पुलिस की ओर से साइन बोर्ड लगाए गए। एसपी सुरजीत सिंह पंवार के निर्देश पर पुलिस की ओर से हाईवे किनारे पर जगह–जगह साइन बोर्ड लगाने का काम किया जा रहा है। इन साइन बोर्डों के माध्यम से स्लाइड जोन, संकरे मार्ग, तीव्र मोड़ के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# पार्किंग के अभाव में बिगड़ रही शहर की यातायात व्यवस्था



कोटद्वार में पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण सड़कों पर बनी जाम की स्थिति

**पूर्व में निरीक्षण के बाद भी अब तक नहीं मिल पाया पार्किंग स्थल**
**शहर में पार्किंग नहीं होने से लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः लाख दावों के बाद भी सरकारी सिस्टम शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। शहर में कुछ स्थलों को चिह्नित करने के बाद भी आज तक इन्हें पार्किंग स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया। नतीजा, सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बनते जा रहे हैं। सुबह से ही सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते हैं। जबकि, स्थानीय जनता लगातार प्रशासन, नगर निगम व जनप्रतिनिधियों के समक्ष पार्किंग व्यवस्था बनाने की मांग उठा रही है। त्योहार व शादी सीजन में स्थिति और अधिक विकराल हो जाती है।

शहर में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में पार्किंग स्थल नहीं होने से यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मार्गों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं। कई स्थानों पर तो आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

शहरवासियों की शिकायत के बाद नगर निगम ने एक वर्ष पूर्व शहर में सड़क किनारे चौड़े स्थानों को पार्किंग स्थल बनाने का निर्णय लिया था। बकायदा पार्किंग स्थल के लिए चिह्नित प्रेक्षागृह के निचले तल व तहसील के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे दीवार पर पर्किंग शुल्क भी दर्शाया गया था। इसके तहत दोपहिया वाहनों के लिए दस रूपये व चार पहिया वाहनों के लिए बीस रुपये शुल्क निर्धारित किया गया था। लेकिन, सरकारी सिस्टम की यह योजना धरातल पर कहीं भी नजर नहीं आई। वहीं, कुछ माह पूर्व नगर निगम, प्रशासन, एनएच व सिंचाई विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए झंडाचौक से बेस अस्पताल तक पार्किंग स्थलों की तलाश की। सिस्टम ने दस दिन के भीतर योजना पर कार्य करने का आश्वासन दिया था। लेकिन, यह दवा भी हवाई साबित हुआ।

### दुर्घटनाओं का खतरा

शहर में पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण वाहन सड़क पर ही खड़े रहते हैं। ऐसे में आमजन को पैदल चलने का भी रास्ता नहीं मिल पाता। नतीजा लोगों को कई बार बीच सड़क से होते हुए आवागमन करना पड़ता है। जिससे हर समय दुर्घटानाओं का खतरा बना रहता है। यही नहीं स्टेशन रोड, पटेल मार्ग व देवी रोड में तो रेहड़ी-ठेली व दुकानदारों ने भी सड़क पर अपना कब्जा जमाया हुआ है। यदि पार्किंग स्थल मिल जाता है तो शहर में यातायात की व्यवस्था में काफी सुधार होगा।

## एलिवेटर मार्ग निर्माण को धरना जारी, दी चेतावनी



कोटद्वार के चिलरखाल में धरना देते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** लालढांग- चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण के लिए लोगों का धरना जारी है। लोगों ने मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग उठाई। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लोगों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। कहा कि वह पिछले कई माह से मार्ग निर्माण के लिए धरना दे रहे हैं। लेकिन, सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। 12 फरवरी को न्यायालय के निर्देश के बाद भी धरातल पर मार्ग निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। यही नहीं, मार्ग पर व्यवसायिक वाहनों के संचालकों को लेकर भी संशय बना हुआ है। कहा कि मार्ग निर्माण से ही क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग कण्वाश्रम के बेहतर विकास के लिए भी आवश्यक है। जब तक धरातल पर एलिवेटेड मार्ग निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होता उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर प्रदीप रावत, मोहन सिंह, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## भव्य रूप से आज मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः संविधान निर्माता बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति की ओर से अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कोटद्वार मालवीय उद्यान में होंगे। जानकारी देते हुए विकास कुमार आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बच्चों के लिए भाषण, नृत्य, योग सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगे। साथ ही लोगों को बाबा साहेब के संघर्ष व जीवन के इतिहास से भी परिचित करवाया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम में साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार व प्रशासनिक अधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम सुबह दस बजे से प्रांरभ होगा।

## राष्ट्रीय पार्टियों के खिलाफ एक जुट हो लोग



संवाद यात्रा के दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप रावत का स्वागत करते संदीप रौतेला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड क्रांति दल ने लोगों से राष्ट्रीय पार्टियों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। कहा कि पहाड़ व पहाड़ की संस्कृति को बचाने के लिए आमजन को आगे आना होगा। प्रदेश का विकास केवल उत्तराखंड क्रांति दल ही कर सकता है।

संवाद यात्रा का स्वागत करते हुए चौबट्टाखाल के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप रौथाण ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों ने केवल जनता का शोषण किया है। आज भी पहाड़ के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए पलायन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने बारी-बारी से प्रदेश को लूटने का कार्य किया। लेकिन, अब जनता राष्ट्रीय पार्टियों की चाल को समझ चुकी है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता राष्ट्रीय पार्टियों के बहकावे में नहीं आने वाली। कहा कि यदि प्रदेश को बचाना है तो सत्ता तक उक्रांद का पहुंचना बहुत जरूरी है। कहा कि जनता की पीड़ा को सिर्फ क्षेत्रीय दल ही समझ सकता है। इस प्रदेश को बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

# पोस्टर में गरिमा व भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशु रहा अव्वल




महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में परिषदीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में गरिमा व भाषण में दिव्यांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ट प्राध्यापक प्रो विमल कुकरेती ने विषय के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक ज्ञान को जानकर प्रयोग करने के लिए कहा। डॉ. गीता रावत शाह ने छात्र छात्राओं की प्रशंसा की तथा उन्हें सभी कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ कविता अहलावत ने वाणिज्य संकाय में संपन्न सभी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दीप्ति मैठाणी ने गजल गाकर सभी को मोहित कर दिया। वाणिज्य संकाय के विभाग प्रभारी डॉ दिवाकर बौद्ध ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही छात्र-छात्राओं को वाणिज्य में अच्छा कैरियर बनाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग शर्मा व हिमांशु नौटियाल ने किया। ाणिज्य संकाय के परिषदीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने वाणिज्य विषय के विभिन्न आयामों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में गरिमा बीकॉम चतुर सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, दिव्यांशु बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान व सलोनी बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । रंगोली प्रतियोगिता में चार-चार छात्राओं का ग्रुप बनाया गया था। जिसमें ग्रुप दो करिश्मा, प्रीति, रिया तथा रिषिकाने प्रथम स्थान पर रहे। ग्रुप सात उर्वशी तथा गरिमा द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप तीन दिव्यांशु, प्रेरणा, शिवानी तथा अनीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशु भाषण की प्रतियोगिता में दिव्यांशु डबराल ने प्रथम स्थान, हिमांशु नौटियाल ने द्वितीय स्थान और सलोनी एवं शिखर गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल में डॉ. विमल कुकरेती, डॉ. गीता रावत, डॉ. कविता अहलावत, डॉ. दीपाली रतूड़ी, डॉ, अंजू थपलियाल, डॉ दीप्ति मैठाणी, डॉ आकांक्षा, श्री भारत सिंह बिष्ट, श्री बलवंत सिंह नेगी जी रहे । वाणिज्य संकाय के परिषदीय कार्यक्रम में डॉ किशोर, सुमन नेगी अजय रावत रविंद्र गोसाई जितेंद्र, हिमांशु, शिखर, नेहा, सलोनी, अंजलि, स्वाति, शुभम, शिवम, प्रेरणा, प्रियांशु, शिवानी, रिया,रिषिका, करिश्मा, तुषार, निकिता, दिया, प्रियांशु, उर्वशी, अनीशा आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



कोटद्वार तहसील में धरना देती आंगनबाड़ी से जुड़ी महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः काम के अनुरूप मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्नि समस्याओं को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी उनकी समस्याओं को लेकर लापरवाही दिखाई जा रही है। ऐसे में यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

सोमवार को संगठन की जिलाध्यक्ष बसंती रावत के नेतृत्व में प्रखंड दुगड्डा, जयहरीखाल, रिखणीखाल, द्वारीखाल व नैनीडांडा की आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने तहसील में प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि वह पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन, सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्हें नाममात्र का मानदेय दिया जा रहा है। जिससे परिवार को आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी मानदेय में बढ़ोत्तरी नहीं की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सेवानिवृत्त होने पर दस लाख की सहायता राशि दिए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बायोमैट्रिक मशीन से अलग रखने की भी मांग उठाई। इस दौरान पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व उक्रांद के संरक्षक डा.शक्तिशैल कपरवाण ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

इस मौके पर रिखणीखाल ब्लाक अध्यक्ष सुषमा, दुगड्डा ब्लाक अध्यक्ष संगीता भट्ट, जयहरीखाल ब्लाक अध्यक्ष गोदांबरी, द्वारीखाल ब्लाक अध्यक्ष गीता, सुषमा गुसांई, सुनीता देवी, अर्चना रावत, रोशनी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

## चौबीस घंटे के लिए खोली जाएं लाइब्रेरी, दिया धरना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में लाइब्रेरी को प्रत्येक दिन चौबीस घंटे खोलने की मांग को लेकर छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल के नेतृत्व में छात्रों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मांग के संबंध में कई बार विवि प्रशासन को ज्ञापन दिया गया लेकिन इस पर गौर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा यदि मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे।

बिड़ला परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में धरने पर बैठे छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवांक ने कहा कि उन्होंने छात्रसंघ चुनाव के दौरान छात्रों से लाइब्रेरी को चौबीस घंटे खुलवाने का वायदा किया था। इसके लिए विवि प्रशासन से कई बार मांग भी की गई। इसके बाद भी लाइब्रेरी की समय सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार से आंदोलन शुरू हो गया है उपेक्षा किए जाने पर आंदोलन उग्र किया जाएगा। मौके पर पहुंचे विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं व लाइब्रेरी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया लेकिन छात्र लिखित आश्वासन व ठोस निर्णय लिए जाने की मांग पर अड़े रहे। इस मौके पर आइसा के नगर अध्यक्ष अरुणेश, पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री, तनिष्क सती, युवराज,

# अंबेडकर जयंती व बैसाखी पर दिखी सांस्कृतिक छटा




आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** एमकेवीएन ऐजुकेशनल ग्रुप के कण्वघाटी, देवी रोड़ व दुर्गापुरी स्थित विद्यालयों में बैसाखी व अम्बेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर लोक संस्कृति और उत्साह की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चंद्र कोठारी एवं शिक्षा निदेशिका सिंधु कोठारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को एक लोकतांत्रिक और समानता आधारित व्यवस्था दी। उन्होंने भारत के सामाजिक ढांचे को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया। वहीं, देवीरोड़ स्थित एमकेवीएन स्कूल में भी विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक मूल्यों एवं प्रकृति से जुड़ने का प्रयास किया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा उन्हें पारंपरिक जीवन शैली, कृषि उपकरणों एवं फसलों से परिचित कराया गया। रंग-बिरंगे परिधानों मे सजे बच्चों की प्रस्तुति ने पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाने का प्रयास किया। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बैसाखी के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर प्रशासनिक निदेशक विपिन जदली, प्रधानाचार्या सुनीता नैथानी, ज्योति कुलाश्री, उप प्रधानाचार्या रेखा नेगी, ममता नेगी, आकांक्षा अधिकारी, प्रियका रावत, आकृति, शान्ति देवी, अंजू रावत, ज्योति बिष्ट, नीता घिल्ड़ियाल, अशोक जखमोला, ममता नेगी, रंजना, सुनीता कांमोज, ममता नेगी, अंजली, स्वाती ध्यानी, सुषमा कुकरेती, बबली रावत, सोनिका भंडारी, अनील सैनी, राहुल कुमार, अरूण असवाल आदि मौजूद रहे।

## रणजीत सिंह भंडारी को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ीः राज्य आंदोलनकारी एवं गढ़वाल विवि के छात्र संघ सचिव रहे स्व. रणजीत सिंह भंडारी (पुन्नी) की पुण्यतिथि पर श्रीकोट गंगानाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों, व्यापारियों व अन्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनसे जुड़े संस्मरण को याद किया। इस मौके पर मनवर सिंह भंडारी, धीरेंद्र सिंह भंडारी, विवेक, सीमा भंडारी, व्यापार सभा अध्यक्ष श्रीकोट नरेश नौटियाल, सचिव प्रमोद राणा आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः देवप्रयाग। बैसाखी पर्व पर होने वाले स्नान को देखते हुए थाना देवप्रयाग क्षेत्र अंतर्गत संगम स्थल में संभावित श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, कोटद्वार मनोज कुमार ठाकुर ने संगम घाट, रामकुंड का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग एवं पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए उन्होंने श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत चारधाम यात्रा रूट कीर्तिनगर पुल से सिरोबगड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्मिकों को यात्रा मार्गों पर व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश दिए।

**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।**
**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।**
CONT. 9412081969
PRGI NO. 35469/79

